e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
सं०सं०–03 / भू०अ०नि० (04) वि० सर्वे०– 02 / 2022......2504......

प्रेषक,

जय सिंह, भा०प्र०से०
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी,
किशनगंज, सहरसा एवं कटिहार
बंदोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय / खगड़िया / लखीसराय / जहानाबाद / शेखपुरा
अररिया / पूर्णियाँ / सीतामढ़ी / सुपौल / मधेपुरा / प० चम्पारण
/ जमुई / मुंगेर / नालंदा / शिवहर / बांका / अरवल

पटना, दिनांक :– 16/9/2022

विषय :– विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य अंतर्गत भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में की जाने वाली प्रविष्टियों में प्रक्रमवार प्रक्रिया पूर्ण होने पर प्रविष्टियों के लॉक हो जाने के पश्चात् अनलॉक कर सुधार किए जाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि आपके जिले अन्तर्गत कार्यरत विशेष सर्वेक्षण शिविरों द्वारा भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रारूप प्रकाशन पूर्व एवं इसके पश्चात् की गई प्रविष्टियों को प्रपत्र–6 एवं 12 में लॉक किए जाने के पश्चात् उनमें सुधार करने हेतु भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के आई०टी० सेल को अनलॉक करने का निरंतर अनुरोध किया जाता है एवं सुधार की प्रत्याशा में कार्य भी अवरूद्ध हो जाता है।

उक्त के आलोक में निदेशित किया जाता है कि भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में संधारित प्रविष्टियों के लॉक होने के पश्चात् उनमें सुधार के लिए प्रपत्र–6 के निर्माण पश्चात् प्रपत्र–8 अथवा प्रपत्र–12 में प्रारूप प्रकाशन पश्चात् प्रपत्र–14 में स्वतः संज्ञान लेते हुए अथवा संबंधित ग्राम के अमीन से आपत्ति प्राप्त कर सुधार के लिए त्रुटि सुधार संबंधी वाद को अभिलेखबद्ध किया जाए। तत्पश्चात् संबंधित कर्मी से प्रतिवेदन प्राप्त कर सुनवाई करने वाले पदाधिकारी द्वारा सुधार का आदेश पारित कर आवश्यक त्रुटि सुधार कर लिया जाए। इस संबंध में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के स्तर से भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में सुधार के लिए अनलॉक करने की कार्रवाई नहीं की जाएगी।

इसे अत्यावश्यक समझा जाए।

विश्वासभाजन

16/9/22

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 03 / भू०अ०नि० (04) वि० सर्वे०– 02 / 2022......2504......पटना, दिनांक: 16/9/2022

प्रतिलिपिः– अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बेगूसराय / खगड़िया / लखीसराय / जहानाबाद / किशनगंज / अररिया / कटिहार / पूर्णियाँ / सीतामढ़ी / सुपौल / सहरसा / मधेपुरा / प०चम्पारण / जमुई / मुंगेर / नालंदा / शिवहर / बांका / अरवल / शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16/9/22

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2022\Birendra kumar_Ass-director\file no 02_2022 16.09.2022.doc

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–02 / 2022........2504........**पटना, दिनांक**...16/9/2022

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी / सहायक निदेशक / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, आई0टी0सेल / श्री कुणाल किशोर, प्रोग्रामर / श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16/9/22

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–02 / 2022........2504........**पटना, दिनांक**...16/9/2022

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
16/9/22